संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
रायपुर–छत्तीसगढ़

दूरभाष : 0771–2537404, टेलीफैक्स 0771–2234731
ई–मेल : deptt_culture@yahoo.co.in वेब साइट : www.cgculture.in

क्रमांक 1879 /अनु./स.पु./ 2022 रायपुर, दिनांक 2/ 11/ 2022

अभिरूचि की अभिव्यक्ति संक्षिप्त सूचना

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर के अंतर्गत महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर के प्रांगण में स्थापित पंथी नर्तकों के जर्जर पिरामिड प्रतिमाओं को नवनिर्मित करने के कार्य हेतु अनुभवी कलाकार से रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्ताव आमंत्रित किया जा रहा है।

इच्छुक अनुभवी कलाकार द्वारा मुहरबंद दो लिफाफे पद्धति में तकनीकी एवं फाइनेंशियल बिड दिनांक 19/12/2022 सायं 5:00 बजे तक पंजीकृत डाक (ए.डी.) या स्पीड पोस्ट सर्विस द्वारा (अन्य कोई डाक सेवा नहीं) जमा की जा सकती है। दिनांक 12/12/2022 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क रूपये 500/– जमा कर रूचि की अभिव्यक्ति प्रपत्र एवं संपूर्ण विवरण प्राप्त कर सकते हैं अथवा विभाग के वेबसाईट www.cgculture.in के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं, किन्तु उक्त निविदा प्रपत्र जमा करते समय आवेदन राशि रू. 500/– की डी.डी. भी निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। सील बंद निविदा के लिफाफे के ऊपर **'रूचि की अभिव्यक्ति– महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर के प्रांगण में स्थापित पंथी नर्तकों का जर्जर पिरामिड प्रतिमाओं को नवनिर्मित करने के कार्य'** अंकित करना होगा।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
रायपुर–छत्तीसगढ़

दूरभाष : 0771–2537404, टेलीफैक्स 0771–2234731
ई–मेल : deptt_culture@yahoo.co.in वेब साइट : www.cgculture.in

क्रमांक 1879 /अनु./स.पु./ 2022 रायपुर, दिनांक 21/ 11/2022

अभिरूचि की अभिव्यक्ति के तहत नियम व शर्ते

अभिरूचि की अभिव्यक्ति प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 12/12/2022 शाम 5:00 बजे तक।
मुहरबंद अभिरूचि की अभिव्यक्ति प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 19/12/2022 सायं 05:00 बजे तक।
अभिरूचि की अभिव्यक्ति खोलने की तिथि एवं समय दिनांक 20/12/2022 दोपहर 03.00 बजे।

1. पुरातत्वीय प्रादर्शों एवं सांस्कृतिक प्रादर्शों का कलात्मक (सीमेंट–कांक्रीट आर्ट) एवं आर्ट पेंटिंग कार्य का 3 वर्ष का अनुभव कलाकार को होना आवश्यक है।
2. तकनीकी/डिजाईन बिड एवं व्यय आकलन/फाइनेंसियल बिड में प्रतिभागी को सम्पूर्ण उपयोग में आने वाली सामग्री, लेबर (मजदूरी) एवं अन्य व्यय सहित राशि प्रस्तुत करना होगा।
3. तकनीकी/डिजाईन बिड की ड्राईंग में स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा कि, उपयोग में आने वाले सामग्री किस प्रकार की, किस साईज व गुणवत्ता की होगी का परीक्षण प्रभारी अधिकारी एवं प्रभारी अभियंता से कराना आवश्यक होगा, तदोपरांत भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।
4. कार्य के दौरान तकनीकी/डिजाईन बिड की ड्राईंग में आवश्यक संशोधन, कार्य की आवश्यकता के अनुसार करना होगा, उसके लिए कोई अतिरिक्त व्यय का भुगतान नहीं किया जायेगा।
5. कार्य के दौरान स्थल में प्रदर्शित सामग्री व अन्य सामग्री की क्षति/नुकसान की जिम्मेदारी संबंधित संस्था/व्यक्ति की होगी, जिसकी भरपाई नियमानुसार की जावेगी।
6. अभिरूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने हेतु निर्धारित दिनांक एवं शुल्क जमा कर, कार्यालय से जारी प्रपत्र प्राप्त करना आवश्यक है।
7. अभिरूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने हेतु निर्धारित अमानत राशि. 4,500/– (चार हजार पांच सौ रूपये) मात्र डी.डी./एफ.डी.आर. के रूप में 'संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर' के नाम से बनाना अनिवार्य है।
8. रूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने हेतु संबंधित संस्था/व्यक्ति का पैन कार्ड एवं बैंक डिटेल की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. इस कार्य के लिए कलाकार से तकनीकी/डिजाईन बिड एवं व्यय आकलन/फाइनेंसियल बिड पृथक–पृथक मुहरवंद लिफाफे में प्रस्तुत करें, जिस पर स्पष्ट नाम अंकित करें।
10. तकनीकी/डिजाईन विड एवं व्यय आकलन/फाइनेंसियल बिड स्वीकृत होने पर निर्धारित सुरक्षा राशि जमा करना अनिवार्य है।
11. व्यय आकलन/फाइनेंसियल बिड में राशि स्पष्ट रूप से अंकों व शब्दों में अंकित करना होगा।
12. प्रपत्र के साथ जारी घोषणा पत्र में जानकारी देना आवश्यक है।

व्यय आकलन/फाइनेंसियल बिड स्वीकृत होने पर कार्य आदेश के पूर्व रू. 50/— के नानजूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना होगा।

14. अभिरूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने हेतु संबंधित संस्था/व्यक्ति को चयनित करने के उपरांत समस्त औपचारिकता पूर्ण करने पर कार्यादेश दिया जावेगा, कार्यादेश जारी करने के तीन दिवस के अंदर कार्य प्रारंभ करना होगा।
15. किसी प्रकार का विवाद होने पर अंतिम निर्णय 'संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर' का दोनों पक्षों को मान्य करना होगा।
16. किसी प्रकार का विवाद होने पर न्यायालयीन क्षेत्र रायपुर होगा।
17. संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर 'द्वारा आवश्यक होने पर बिना कारण बताए निविदा समाप्त करने का अधिकार होगा।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व